# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर, लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची का सिरमटोली फ्लाईओवर जनता को समर्पित किया। गौरतलब है कि विवादों के बीच मुख्यमंत्री ने सिरमटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिरम टोली फ्लाइओवर का नामांकरण कार्तिक उरांव के नाम से होगा। इसकी विधिवत स्वीकृति कैबिनेट से ली जायेगी। श्री सोरेन ने कहा कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे इसका हम पूरा ध्यान रखते हैं।

********************

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पौधारोपण अभियान का नेतृत्व किया। वे डोरंडा स्थित फारेस्ट ऑफिस काम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

********************

उधर, गिरिडीह जिला मुख्यालय में स्थित सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने पौधारोपण किया। इस मौके पर विधायक ने सभी से पेड़ लगाने की अपील की।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गिरिडीह कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण जागरूकता अभियान भी चलाया।

********************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक ने इंटर आर्ट्स का रिजल्ट जारी कर दिया है। जैक के अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर परिणाम आया है। 95 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी सफल हुए हैं। जैक की सूची के अनुसार राजमहल के संजय तिवारी ने राज्यभर में पहला स्थान हासिल किया है।

********************

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत संताल परगना के तीन जिलों को जल्द ही बल्क वाटर सप्लाई स्कीम का लाभ मिलेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने आज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व उन्होंने अधीक्षक कार्यालय में स्वास्थ्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का लाभ मरीजों को देने के निर्देश दिये।

********************

पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के जपला – छतरपुर मुख्य पथ पर चौआचटान गांव के समीप सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग जख्मी हो गए। सभी एक बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पिता और पुत्री की मौत हो गयी। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने नहर मोड़ के पास सड़क जाम कर दी है।

********************

सरायकेला–खरसांवा जिले के चांडिल के नीमडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आमडाबेड़ा गांव झुंड से बिछड़ कर आए एक जंगली नर हाथी की मौत हो गई। हाथी के मौत मामले की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा वन विभाग को दी गई है। फिलहाल हाथी के मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

********************